भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2099
सोमवार, 2 अगस्त, 2021/11 श्रावण, 1943 (शक)

ओडिशा में बेरोजगार कलाकार

2099. श्रीमती अपराजिता सारंगीः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कोविड-19 के कारण ओडिशा में बेरोजगार हुए कलाकारों की संख्या की पहचान की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;

(ग) क्या सरकार का विचार कोविड-19 महामारी तथा लॉकडाउन के कारण ओडिशा में वित्तीय हानि का सामना कर रहे कलाकारों को वित्तीय प्रोत्साहन पैकेज देने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ) कोविड-19 महामारी ने कलाकारों सहित समाज के विभिन्न वर्गों को प्रभावित किया है। संस्कृति मंत्रालय विभिन्न योजनाओं का कार्यान्वयन कर रहा है जैसे, कला अनुदान योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता, बौद्ध/तिब्बती कला और संस्कृति के विकास के लिए वित्तीय सहायता, सांस्कृतिक समारोह और उत्पादन अनुदान योजना, कला और संस्कृति के प्रोत्साहन के लिए छात्रवृत्ति एवं फैलोशिप योजना, राष्ट्रीय उपस्थिति सहित सांस्कृतिक संगठनों के लिए वित्तीय सहायता, हिमालय क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए वित्तीय सहायता, कलाकारों को पेंशन एवं चिकित्सीय सहायता योजना, सेवा भोज योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता तथा स्टूडियो थियेटर सहित निर्माण अनुदान हेतु प्रदर्शन कलाओं में सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता आदि।

जिन कलाकारों ने वित्तीय संकट का सामना किया है तथा जिन्होंने अपनी आजीविका का माध्यम खो दिया है, उन कलाकारों की मदद के लिए संस्कृति मंत्रालय ने यह सुनिश्चित किया है कि उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत तेजी से तथा समय से अनुदान जारी हो।

इसके अलावा, ओडिशा सरकार से प्राप्त सूचनानुसार, ओडिशा सरकार ने कला फेडरेशन योजना के अंतर्गत करीब 1.5 लाख लोक कलाकारों की पहचान की है तथा नामांकित किया गया है। ओडिशा सरकार "मुख्यमंत्री कलाकार सहायता योजना" के अंतर्गत विभिन्न वर्गों के 35,000 कलाकार सदस्यों को 1200/- प्रति माह की दर से वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। ओडिशा सरकार ने कलाकारों की भागीदारी तथा आजीविका अर्जन हेतु उनकी मदद के लिए कोविड-19 के दौरान कई जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया है।

*****